6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
महानगर वर्ष 58 अंक 138 पृष्ठ : 24+16 मूल्य : सात रुपये
अमर उजाला
बरेली | शुक्रवार, 5 जून 2026 द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण-पंचमी • विक्रम संवत-2083

PAGE NO : 10 MIDDLE

# आज से सजेगा टेबल टेनिस का महाकुंभ

बरेली। श्रीराम मूर्ति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के इंडोर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में शुक्रवार से खेल प्रेमियों को टेबल टेनिस का रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। कॉलेज परिसर में 13वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं फर्स्ट यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस राज्यस्तरीय टूर्नामेंट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसका उद्घाटन शुक्रवार को दोपहर 10:30 बजे किया जाएगा। इसके बाद तीन दिनों तक खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। टूर्नामेंट का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह सात जून को दोपहर एक बजे होगा। संवाद